संक्षिप्त संशोधित विज्ञप्ति

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(32)RSMSSB/अर्थना/उ.वि./भर्ती/2017/ 1360 दिनांक : 11.04.2018

संशोधित विज्ञप्ति

उद्योग विभाग के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा–2018

बोर्ड द्वारा उद्योग विभाग के लिये विज्ञापन संख्या 03/2018 उद्योग विभाग के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा–2018 दिनांक 13.03.2018 को जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन में संशोधन किया जाता है। इस संशोधित विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन की **बिन्दु संख्या 6 पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता के आगे वर्णित (ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी तक अर्जित)** को विलोपित समझा जावें। **शैक्षणिक योग्यता के नीचे निम्न प्रावधान ओर जोडा जाता है जिसे अब** निम्नानुसार पढा जावें:–

परन्तु ऐसा व्यक्ति, जो सीधी भर्ती हेतु नियमों या अनुसूचियों में यथा उल्लिखित पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता वाले ऐसे पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष की परीक्षा में उपस्थित हो चुका/चुकी है या उपस्थित हो रहा /रही है, उस पद के लिए आवेदन करने का पात्र होगा/होगी किन्तु उसे –

1. जहां चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के दो प्रक्रमों के माध्यम से किया जाता हो, मुख्य परीक्षा में उपस्थित होने से पूर्व,
2. जहां चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता हो, साक्षात्कार में उपस्थित होने से पूर्व,
3. जहां चयन केवल लिखित परीक्षा या यथास्थिति, केवल साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता हो, लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होने से पूर्व,

समुचित चयन ऐजेन्सी/बोर्ड को अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता अर्जित कर लेने का सबूत प्रस्तुत करना होगा। विज्ञप्ति की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

साथ ही उद्योग विभाग के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा –2018 में अब ऑनलाईन आवेदन की अंतिम दिनांक 20.04.2018 से बढ़ाकर दिनांक 27.04.2018 तक की जाती है। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में ऑनलाईन आवेदन भर दिये है, उन्हे पुनः भरने की आवश्यकता नहीं है। विज्ञप्ति की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

(डॉ. बी.एल.जाटावत)
अध्यक्ष

क्रमांकः प.14(32)RSMSSB /अर्थना/उ.वि./...